प्रेस विज्ञप्ति/ प्रकाशनार्थ

01 जुलाई, गोरखपुर। राष्ट्रीय चिकित्सक दिवस 1 जुलाई भारत रत्न डॉ बिधान चंद्र रॉय जी के जन्मदिवस पर मनाया जाता है । आज ही उनकी पुण्यतिथि भी है। उनकी स्मृति में आज राष्ट्रीय चिकित्सक दिवस मनाया जाता है ।

गुरु श्री गोरक्षनाथ चिकित्सालय के ब्लड बैंक मे रोटरी क्लब गोरखपुर मिडटाउन द्वरा एक रक्तदान शिविर का आयोजन किया। जिसमें भारी संख्या में स्वःरक्तदाता बडे ही उत्साह और उल्लास के साथ सम्मिलित होकर रक्तदान के लिए अपने को समर्पित किये।

इस अवसर पर ब्लड बैंक प्रभारी डॉ अवधेश अग्रवाल जी ने कहा की माना कि आपके पास डॉक्टर की डिग्री नहीं है फिर भी आप अपने रक्त का दान कर किसी की ज़िन्दगी बचा ही सकते हैं। सभी रक्तदानी डॉक्टर की तरह वन्दनीय हैं।आइए डॉक्टर्स डे पर नियमित रक्तदान का संकल्प कर मानव सेवा में सहयोग प्रदान करें। रक्तदाता एक महान एवं समर्पित भाव से जो समाज के लिए कार्य कर रहा है वह उसे मानव श्रेष्ठ की दर्जा में खडा करता है। अपने शरीर के प्रमुख अंग का दान कर किसी और के प्राणों की रक्षा करना उसे महर्षि दधिचि से भी उन्नत श्रेंणी मे रखा जा सकता है। राष्ट्र आप जैसे व्यक्तियों का सदैव ऋणी एवं अनुगृहीत रहेगा। इस अवसर पर रिना अग्रवाल, आशुतोष अग्रवाल, दीपक जी, रजनी, सहित बीस रक्तदाताओं ने रक्तदान किया । सभी रक्तदाताओं को प्रशस्ति पत्र तथा भेंट स्वरुप सम्मान पत्र दिये गए। कार्यक्रम के दौरान सामाजिक दूरी, हैण्ड सैनिटाइजेशन तथा मास्क इत्यादि का पूरा ध्यान दिया गया। नगर के तमाम प्रबुद्ध वर्ग के लोग उपस्थित रहे।